भारत कोकिंग कोल लिमिटेड *'एक मिनी रत्न कंपनी'* (कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग) जन सर्म्पक विभाग कोयला भवन, कोयला नगर धनबाद – 826005 (झारखण्ड) दूरभाष / फैक्स : 0326–2230202 वेबसाईट: www.bcclweb.in ईमेल: bcclprodhanbad@gmail.com सीआईएन : U10101JH1972GOI000918		BHARAT COKING COAL LIMITED *'A Mini Ratna Company'* (A Subsidiary of Coal India Limited) Public Relation Department Koyla Bhawan, Koyla Nagar Dhanbad- 826005 (Jharkhand). Phone/Fax: 0326-2230202 website: www.bcclweb.in email: bcclprodhanbad@gmail.com CIN : U10101JH1972GOI000918

दिनांक 19.03.2021

प्रेस विज्ञप्ति

बीसीसीएल में ''भारत का अमृत महोत्सव''

बीसीसीएल द्वारा कोविड-19 के वर्तमान बढ़ोत्तरी को ध्यान में रखते हुए डी.ए.वी. कोयला नगर, धनबाद के स्कूली बच्चों को हाथ धोने का वैज्ञानिक विधि बताया गया। इस अवसर पर कंपनी के सीएसआर टीम ने उपस्थित स्कूली बच्चों का स्वागत किया तथा उन्हें "भारत का अमृत महोत्सव" के बारे में बताया। बच्चों को देश की स्वतंत्रता को हासिल करने के लिए किये गए विभिन्न प्रयासों के बारे में भी बताया गया और इसे प्रदर्शित करने हेतु एक मंच उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार की सराहना की गई। इस महोत्सव को मनाने के लिए "गो ग्रीन, ड्रिंक क्लीन" थीम के सीआइएल की अवधारणा पर भी चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व कोयला नगर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. निकिता और डॉ. प्रेमी टोप्पो कर रहे थे। डॉ. निकिता ने हाथ धोने के महत्व के बारे में बताया और इसे छात्रों के समक्ष विस्तृत तरीके प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के बाद, एक त्वरित प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी चिंताओं को व्यक्त किया और उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

इस कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्रों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया।

उप महाप्रबंधक (कार्मिक/ जनसंपर्क)

Bharat Coking Coal Limited
Bharat Ka
अमृत महोत्सव
WELCOME

JOIN US